दिन– रविवार दिनांक– 20 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के अंतर्गत अब तक पंचानवे दशमलव नौ–दो प्रतिशत गणना प्रपत्र जमा किये गये। पुनरीक्षण के छह दिन शेष बचे।

02. राज्य में बारह हजार सात सौ से अधिक नये मतदान केन्द्र गठित। केन्द्रों की संख्या बढ़कर नब्बे हजार सात सौ बारह हुई।

03. बिहार विधान मंडल का पांच दिवसीय मानसून सत्र कल से हो रहा है शुरू।

04. और, केन्द्र सरकार ने भारतमाला परियोजना–दो के तहत पटना से पूर्णिया के बीच बनने वाले छह लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे निर्माण को मंजूरी दी।

---

प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के अंतर्गत अब तक पंचानवे दशमलव नौ–दो प्रतिशत गणना प्रपत्र जमा हो चुके हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि सात करोड़ सत्तावन लाख से अधिक गणना फार्म एकत्र किए गए हैं। आयोग ने कहा कि अब केवल बत्तीस लाख तेईस हजार तेईस मतदाताओं को ही अपने फार्म जमा कराने हैं। इसके लिए छह दिन शेष बचे हैं। आयोग के अनुसार अभियान के क्रम में अब तक चौदह लाख उनतीस हजार तीन सौ चौवन मतदाता मृत पाए गए हैं। उन्नीस लाख चौहत्तर हजार दो सौ छियालीस मतदाता स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं, सात लाख पचास हजार दो सौ तेरह मतदाता एक से अधिक स्थानों पर रिजस्ट्रर्ड पाये गयें, जबकि ग्यारह हजार मतदाता अपने पते पर नहीं पाए गए हैं।

आयोग के अनुसार, बचे हुए बत्तीस लाख मतदाताओं को जोड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं। अस्थायी रूप से देश के विभिन्न भागों में गए प्रदेश के मतदाताओं को शामिल करने के लिए भी चुनाव आयोग सभी माध्यमों से उन्हें सूचित कर रहा है। बचे हुए शहरी मतदाताओं को जोड़ने के लिए भी, सभी दो सौ इकसठ स्थानीय निकायों के सभी पांच हजार छह सौ तिरासी वार्डो में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। एक अगस्त को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा। उसके बाद भी सूची में कोई भी नाम अगर गलती से जुड़ गया, या छूट गया हो या उसमें कोई त्रुटि हो तो उसे तीस अगस्त तक सुधारा जा सकता है। इसके लिए कोई भी मतदाता, राजनीतिक दल या उनके द्वारा नियुक्त बीएलए दावे–आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

---

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के पूरा होने तक बूथ लेवल अधिकारी और बीएलओ सहित अन्य कर्मियों के तबादले पर रोक लगा दी गई है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को इस संबंध में निर्देश दिया है। निर्देश के अनुसार डीईओ, ईआरओ, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और मतदाता सूची से संबद्ध कोई भी पद रिक्त नहीं रखने तथा आयोग की पूर्ण मंजूरी के बिना ऐसे किसी भी अधिकारी का तबादला नहीं करने का निर्देश दिया गया है।

---

प्रदेश में बारह हजार सात सौ बारह नये मतदान केन्द्रों का गठन किया गया है। इसके साथ ही राज्य में केन्द्रों की संख्या बढ़कर नब्बे हजार सात सौ बारह हो गई है। चुनाव आयोग के निर्देश पर सर्वदलीय बैठक के दौरान निर्वाचन विभाग के अधिकारियों ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को इसकी जानकारी दी। मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन के दौरान बारह हजार चार सौ उनासी बूथों को उसी भवन या परिसर में स्थापित किया गया है, जहां पहले से अन्य बूथ थे। बैठक में राजद के चितरंजन गगन, मदन शर्मा, मुकुंद सिंह, कांग्रेस से संजय पांडेय, जदयू से अनिल कुमार, भाजपा से राधिका रमण, माकपा के सर्वोदय शर्मा और भाकपा माले के रणविजय कुमार शामिल हुए। वहीं, आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान राज्य के सभी मतदान केन्द्रों पर डेढ़ लाख से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि चुनाव के दौरान शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए राज्य के हरेक बूथ पर दो या तीन सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे।

---

विधानसभा का पांच दिवसीय मानसून सत्र कल से शुरू हो रहा है। पच्चीस जुलाई तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल पांच बैठके होंगी। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने बताया कि सत्रहवीं विधानसभा का यह अंतिम सत्र है। श्री यादव ने कहा कि सत्र के पहले दिन चालू वित्तीय वर्ष का प्रथम अनुपूरक बजट सदन के पटल पर रखा जाएगा, जबकि बाईस और तेईस जुलाई को विधायी कार्य निपटाए जायेंगे। चौबीस जुलाई को अनुपूरक बजट पर वाद–विवाद के बाद मतदान होगा और सत्र के अंतिम दिन गैर सरकारी संकल्प लिये जायेंगे।

---

केन्द्र सरकार ने कल से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून अधिवेशन से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों में सुगम

कामकाज सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। मॉनसून सत्र कल से इक्कीस अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा और कई विधियेक पारित कराए जाने की संभावना है।

---

संसद के मॉनसून के सत्र से पहले विपक्षी इंडी गठबंधन के नेताओं की वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से एक बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, शिवसेना– यूबीटी, डीएमके, सीपीआई–एम और एनसीपी–शरद पवार गुट सहित अन्य दलों ने हिस्सा लिया। बैठक में अन्य लोगों के अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव और डीएमके पार्टी के त्रिची शिवा मौजूद थे। मीडिया से बातचीत में कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि बैठक के दौरान मॉनसून सत्र में पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर जैसे मुद्दे उठाने पर दलों के बीच सहमति बनी है।

---

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को लेकर तीन सौ साठ डिग्री बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने पटना में महिला सहभागिता से विकसित बिहार की परिकल्पना विषय पर एक सम्मेलन को संबोधित किया। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिला सहभागिता से आगे बढ़कर महिलाओं के नेतृत्व में संकल्प लिया है जिसे आगे बढाया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुद्रा योजना में बिना बंधक के ऋण लेने वालों में साठ प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं। केंद्रीय मंत्री ने बिहार में महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं आरक्षण, शहरी निकायों में आरक्षण और सरकारी नौकरियों में आरक्षण को लेकर नीतीश सरकार के फैसलों की सराहना की। इधर, समारोह को संबोधित करते हुये केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि बिहार का समूह मॉडल पूरे देश में लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार अब प्रगति की राह पर है। श्री सिंह ने कहा कि तीन लाख जीविका दीदियों वाले जिलों में महिला बैंक स्थापित की जायेगी और महिला डेयरी की भी स्थापना करने का प्रयास किया जा रहा है।

---

लोक जनशक्ति पार्टी – रामविलास के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिहार से पलायन के मुद्दे पर राष्ट्रीय जनता दल –और कांग्रेस की आलोचना की। बिहार के मुंगेर में पार्टी की एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस के पंद्रह वर्ष के कार्यकाल में बिहार से लोग पलायन को मजबूर हुए। इस दौरान लोग शिक्षा से भी वंचित रहे, वहीं अब ये दल रोज़गार की बात कर रहे हैं।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भोजपुरी को भाषा का दर्जा देने और इसे संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने का आग्रह किया है। उन्होंने मोतिहारी में आयोजित प्रधानमंत्री की जनसभा में यह मांग रखी।

———बाइट———

---

प्रदेश के विभिन्न भागों में मानसून की सक्रियता फिर बढ़ गयी है। आज सुबह से ही राजधानी पटना समेत आस–पास के जिलों में हल्की बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, पूर्णियां, अररिया और किशनगंज जिले में अनेक स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान पटना समेत दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका है।

———बाइट———

---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही बारिश के कारण प्रदेश की नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। पटना के गंगा जोन के फ्लड कंट्रोल एंड ड्रेनेज की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार पटना में गंगा नदी खतरे के निशान से शून्य दशमलव तीन सात मीटर और समस्तीपुर में अठहत्तर सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। साथ ही गंगा की सहायक नदी सोन और पुनपुन नदी का जलस्तर भी बढ़ रहा है। समस्तीपुर जिले में गंगा का जलस्तर बढ़ने से कई गांव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। कटिहार जिले के बरारी में गंगा चेतावनी स्तर को पार कर गयी है। बरंडी नदी भी चेतावनी स्तर को पार कर गयी है। वहीं, खगड़िया में गंगा खतरे के निशान से चौंसठ और बूढ़ी गंडक नदी पैंतालीस सेंटीमीटर नीचे है। पटना के गांधी घाट पर गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से पैंतीस सेंटीमीटर और हाथीदह में तेरह सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। वहीं, कोइलवर में सोन नदी और किनजर में पुनपुन नदी का जलस्तर खतरे के निशान के पास पहुंच गया है।

---

केन्द्र सरकार ने भारतमाला परियोजना–दो के तहत पटना से पूर्णिया के बीच बनने वाले छह लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे निर्माण को मंजूरी दे दी है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, एनएचएआई के अधिकारियों के अनुसार पीपीपीएसी के तहत इस परियोजना का निर्माण हैम मोड में होगा। निर्माण एजेंसी साठ प्रतिशत राशि खर्च करेगी

और चालीस प्रतिशत राशि केंद्र सरकार देगी। निर्माण एजेंसी को टोल प्लाजा से पैसे की भरपाई की जाएगी। इस सड़क का एलाइनमेंट पिछले पन्द्रह जनवरी को ही मंजूर हो चुका है।

---

प्रदेश के सभी थानेदारों को गुंडा रजिस्टर अपडेट रखना होगा। इसमें सभी चार्जशीटेड अपराधियों के नाम दर्ज होंगे और थानों में इनकी नियमित परेड सुनिश्चित कराई जायेगी। मद्य निषेध कांड के आरोपित भी गुंडा सूची में रखे जायेंगे। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी और डीजीपी विनय कुमार ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षकों को विशेष निर्देश दिये हैं। डीजीपी ने बताया कि न्यायालयों में लंबित गैर–जमानती वारंट की वास्तविक लंबित का पता लगाने के भी निर्देश दिए गये।

---

सजायाफ्ता कैदी चंदन मिश्रा हत्याकांड में गश्ती के दौरान लापरवाही बरतने वाले पटना जिले के शास्त्रीनगर थाने के पांच सहित कुल आठ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। सिटी एसपी दीक्षा ने बताया कि निलंबित किये जाने वाले पुलिसकर्मियों में एक दारोगा, दो एएसआई और दो सिपाही शामिल है। वहीं, गश्ती में लापरवाही बरतने के मामले में गांधी मैदान, सचिवालय और गर्दनीबाग थाने के तीन एएसआई भी निलंबित किये गये हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हवाले से लिखा है– भारत दो हजार सत्ताईस तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

दैनिक भास्कर ने चंदन मिश्रा हत्याकांड पर लिखता है– कोलकातासे शूटर तौसीफ समेत आठ गिरफ्तार, इनमें एक महिला भी।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– किसानों पर दिये विवादित बयान के लिए एडीजी ने मांगी माफी।

प्रभात खबर ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है– पार्टियां करें मतदाताओं से फॉर्म भरवाने में सहयोग।

आज अखबार की सुर्खी है– ब्रम्हपुत्र नदी पर चीन ने शुरू किया दुनिया के सबसे बड़े बांध का निर्माण।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के अंतर्गत अब तक पंचानवे दशमलव नौ–दो प्रतिशत गणना प्रपत्र जमा किये गये। पुनरीक्षण के छह दिन शेष बचे।

02. राज्य में बारह हजार सात सौ से अधिक नये मतदान केन्द्र गठित। केन्द्रों की संख्या बढ़कर नब्बे हजार सात सौ बारह हुई।

03. बिहार विधान मंडल का पांच दिवसीय मानसून सत्र कल से हो रहा है शुरू।

04. और, केन्द्र सरकार ने भारतमाला परियोजना–दो के तहत पटना से पूर्णिया के बीच बनने वाले छह लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे निर्माण को मंजूरी दी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।